भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1266 #
गुरूवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इकोटूरिज्म को बढ़ावा देना

1266 # श्री नरेश बंसल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशेष रूप से उत्तराखंड में इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में उत्तराखंड राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने उत्तराखंड में इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किसी अन्य देश के साथ किसी करार या समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। वर्तमान में चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में; उत्तराखंड सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में इको-पर्यटन का संवर्धन भी शुरू किया गया है। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से भी इको-पर्यटन को बढ़ावा देता है।

देश में इकोपर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने इको-पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है।

मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत, इको-पर्यटन गंतव्यों सहित अन्य गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को

केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की गई है। यह केन्द्रीय वित्तीय सहायता स्वीकृत दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्रदान की जाती है। मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत इको परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है और उत्तराखंड राज्य में इस परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

स्थायी और जिम्मेदार स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वदेश दर्शन 2.0 नामक एक योजना शुरू की गई है।

*****

अनुबंध

श्री नरेश बंसल द्वारा इकोटूरिज्म को बढ़ावा देना के संबंध में दिनांक 01.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1266 # के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

उत्तराखंड राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजना

(करोड़ रु में)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	टिहरी झील और उसके आस-पास के क्षेत्र को एक नए गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना, इको पर्यटन एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स का समेकित विकास - जिला टिहरी	69.17	69.17	69.20

*****